तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024

12 ग्राम खोलझर धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग, खाद्य मंत्री दयालदास ...



11 देश को एक सूत्र में बांधती है संस्कार और संस्कृति की...






## खबर संक्षेप

### छात्रावास अधीक्षक बनने 7576 युवाओं ने दी परीक्षा




**बालोद।** व्यापमं द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द की भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को हुआ। परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 2:15 तक सम्पन्न हुई। जानकारी के अनुसार छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द के भर्ती परीक्षा के किये लिए जिले में 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें जिले के 7576 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 3427 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### रमतरा में तीन दिवसीय रामधुनी स्पर्धा 25 से

**गुरूर।** ग्राम रमतरा में 25, 26 एवं 27 सितंबर को तीन दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। केदार कुरपाल ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2501 रुपये, तृतीय 2001 रुपये, चतुर्थ 1501 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 1001 रुपये रखा गया है।

### ठेकवाडीह में विश्वकर्मा जयंती समारोह कल

**गुरूर।** बाबा विश्वकर्मा समिति एवं समस्त ग्रामवासी ठेकवाडीह के तत्वावधान में 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्य दुलार गंजीर ने बताया कि दोपहर 12 बजे मूर्ति स्थापित की जाएगी। अतिथि स्वागत शाम 7 बजे होगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढी नाचा पार्टी मोर गंवई गंगा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री बालोद नरेश साहू होंगे, अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदित्य पिपरे करेंगे। अतिथि भाजयुमो जिला महामंत्री खेमलाल देवांगन, सरपंच भारती मरकाम, रिटायर करारोपण अधिकारी विक्रम भंडारी, बिल्डिंग ठेकेदार कोरर खूब लाल साहू, जिला पुलिस कांकेर परमानंद साहू, राकेश साहू, ग्राम पटेल भीखू राम साहू, डा. महेंद्र साहू होंगे।

### ग्राम सांकरी में सामुदायिक भवन के लिए हुआ भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सांकरी में रविवार को पांच लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी व सरपंच सरिता निषाद ने किया। मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने बताया कि ग्रामीणो की मांग पर शासन से राशि स्वीकृति मिली है, जिसका भूमिपूजन किया गया। अब गांव में सामुदायिक भवन बनने से यहां के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर उप सरपंच युगल ताम्रकार, मंडलेश्वर कलार, मिलन सिंह, राम नारायण, नाथूराम सिंह, सचिव प्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह, पीतांबर सिंह, नीमेश्वर प्रसाद, पुनाराम सिंह, भुपुराम, खम्मा लाल एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नशे के कैप्सूल जब्त दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के कैप्सूल जब्त कर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम मैदान में नशे का कैप्सूल बेचने की सूचना पर घेराबंदी कर शारदा पारा किशन चौक कैम्प 2 निवासी मोहम्मद अरमान राइन उर्फ चिल्ली, राजेश सिंह भुमिहार को अवैध रूप से नशील कैम्सूल बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद अरमान राइन के पास से 720 नग कैप्सूल और राजेश से 352 कैप्सूल कुल 1072 नग ओएचएम नशीली कैप्सूल जब्त किया गया।

# छत्तीसगढ़ में सामाजिक रूप से सबसे सुरक्षित ग्राम पंचायत बनी पिकरीपार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ज्ञान भवन पटना बिहार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत में पिकरीपार प्रथम पंचायत बनी। समारोह में पिकरीपार सरपंच चंदा साहू को सम्मानित किया गया। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 10 से 12 सितंबर को बिहार की राजधानी पटना में एलएसडीजी थिम ऑफ सोसायली जस्ट एण्ड सोसियली सेक्युरेड विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। पिकरीपार सरपंच चंदा साहू ने भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। पिकरीपार पंचायत ग्राम पंचायत में समाजिक सुरक्षा, महिलाओं को रोजगार, समय पर पेंशन, स्वच्छ गांव के साथ सरकार की याजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया, ग्रामीणों को उसका अधिकार, समाजिक न्याय और सुरक्षा का मिला। राज्य सरकार के सहयोग से विगत वर्षों में पंचायत ने एलएसडीजी के सभी विषयों पर पूरी मेहनत लगन और प्रतिबद्धता से काम किया है। वंचित, कमजोर एवं हाशिए पर खड़े लोगों तक उनका हक दिलाने के लिये सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**सबको विकास का अवसर मिले इसका ध्यान रखना जरूरी:** सरपंच चंदा साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य सतत विकास ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बिहार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सरपंच चंदा साहू का किया गया सम्मान




#### पात्र हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव के तहत पंचायतें न केवल पात्र लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित कर रही हैं, वरन गांव स्तर पर महिला और किशोरकिशोरियों के नजिरए से सुरक्षित वातावरण भी स्थापित कर रही है। हर ग्रामीण की खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, मूलभूत सुविधायें, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित हो इसके लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग व्यक्ति, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, कमजोर और हाशिए पर रह रहे हर आदमी तक विकास के सामान अवसर और संसाधन पहुंचाना ताकि कोई भी पीछे ना छूटे के लक्ष्य को पूरा करती है।

## मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने गांव में ही डाला डेरा

# बगदई में डायरिया का प्रकोप, दो दिन में 85 से ज्यादा मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम बगदई में डायरिया उल्टी-दस्त का प्रकोप देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों की बढ़ती संख्या को देख ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। विकासखण्ड में लगातार डायरिया के मामले सामने आ रहे हैं। इसके पूर्व ग्राम भोथली व फागुनदाह में भी डायरिया का प्रकोप फैल चुका है।

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में हो रहा पीड़ितों का उपचार

वहीं, लगभग प्रतिदिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिनों में ही अचानक 85 से ज्यादा लोग डायरिया उल्टी-दस्त से प्रभावित हुए हैं। बीते शनिवार को सर्वाधिक मरीज सामने आए हैं, जिनमें 30 से अधिक मरीज को गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। लगातार मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सजग है और जरा भी गंभीर मरीजों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र गुरुर पहुंचाया जा रहा है, जहाँ मरीजों का इलाज जारी है।

### शिविर लगाकर की जा रही ग्रामीणों की जांच



#### जांच के लिए भेजा गया पानी का सैंपल

ग्रामीणों के बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। इसके कारण ग्राम बगदई में स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय है। वहीं, पीएचई विभाग द्वारा पेयजल का सैंपल जांच के लिए लिया गया है। लेकिन, जांच रिपोर्ट अभी नहीं आयी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि डायरिया उल्टी-दस्त फैलने का मुख्य कारण क्या है।



#### पहले दिन मिले 37 मरीज


स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगदई में पहले ही दिन डायरिया के 37 मरीजों की पुष्टि हुई थी, जो दूसरे दिन और बढ़ गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गलियों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सर्वे कर चिन्हित किया गया था। वहीं, दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 48 मरीजों की पुष्टि की गई है। वहीं, वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में 14 उल्टी-दस्त के मरीजों का इलाज जारी है।

#### गंदा पानी को बताया जा रहा कारण

ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना के तहत लगे मोटर पम्प की पाईप टूट फूट जाने के कारण गंदा पानी पाइप के माध्यम से घरों तक पहुंचा है। आशंका जताई जा रही है कि डायरिया फैलने का कारण यही गंदा पानी है, क्योंकि कुछ दिनों पहले हुई बारिश के बाद मोटर पम्प के जलमग्न होने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

हवन आज

# फिर शुरू हो जाएगा श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज घरों से लेकर सार्वजनिक स्थानों में पंडालों में हवन पूजन होगा। लोग बीते दस दिनों से भगवान गणेश की भक्ति में सराबोर नजर आए, तो वहीं आज दसवें दिन जिले भर में हवन पूजन और महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

■ नगर में बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के लिए 20 सितंबर की रात निकाली जाएगी झांकी

आज घरों में व जिन पंडालों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित किये हैं, वहां हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही भगवान श्री गणेश की मूर्तियों के विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो आगामी 20 सितम्बर तक चलता रहेगा। पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन आज से ही शुरू होगा। वहीं, विशाल मूर्तियों को 20 सितंबर की रात झांकियों के साथ विसर्जन करने शोभायात्रा निकाली जाएगी।

जिला मुख्यालय के पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार, नयापारा, सदर रोड, मारार पारा, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक सहित कई अन्य जगहों में जहां भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां हवन पूजन के बाद भक्त महाप्रसाद का वितरण होगा। जानकारी के अनुसार शहर की कुछ गणेश समितियों द्वारा कल यानि कि मंगलवार को हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया है।

# पानी की समस्या को लेकर युवाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शहरवासियों को बालोद नगर पालिका में विगत कई दिनों से चल रही पेय जल की विकराल समस्या को लेकर रविवार को नगर के युवाओं ने शहर के मुख्य घड़ी चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ पोस्टर पकड़कर जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया।

युवाओं का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष के रवैय्ये से बालोद शहर पूरी तरीके से पिछड़ गया है। नगर में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। न यहां बराबर सफाई करवाई जा रही है और न ही बरसात के पानी की सही निकासी व्यवस्था बनाई गई। इसके कारण गली मोहल्लों व घरों में भी बरसात का पानी भर रहा है। बालोद की जानता को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय के लोगों को तांदुला जलाशय से पाईपो के माध्यम से पानी लाकर फिल्टर कर प्रदान किया जाता है, लेकिन पानी को सही तरीके से फिल्टर न करने के कारण कई वार्डों में नलों के माध्यम से पानी इतना गंदा पहुंच रहा है कि लोग उसे अन्य उपयोग करना तो दूर हाथ धोना भी पसंद नही कर रहे हैं। गंदा पानी निकलने के कारण लोग नलों के माध्यम से पहुंचने वाले पानी का उपयोग ही करना बंद कर दिया है। अभिन्न यादव ने कहा कि नलों में गंदा पानी आने के कारण शहरवासी पीने के पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या तो शहर में आम बात हो गई थी, लेकिन बरसात में भी अब शहरवासियों को गर्मी जैसे सितम का ▶▶| शेष पेज 11 पर

नगर पंचायत डोंडी के वार्ड क्रमांक 5 की घटना

# प्रार्थना सभा में धर्मांतरण का आरोप हिंदू संगठनों ने जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

नगरपंचायत डोंडी क्षेत्र के हिंदू संगठन विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं स्थानीय निवासियों ने ईसाई मिशनरियों पर अवैध कन्वर्जन का रैकेट चलाने का आरोप लगाया है।

विहिप व बजरंग दल के शिवम दुबे और निखिल अग्रवाल ने बताया कि रविवार को वार्ड क्रमांक 5 में अस्पताल के पीछे मिशनरी समूह यहां प्रार्थना सभा के नाम पर हिंदुओं को ईसाई बनाने की साजिश रच रहे हैं। हिंदू संगठनों ने अपने आरोप में कहा है कि जब उन्होंने इस अनैतिक गतिविधि का विरोध किया, तब ईसाइयों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। हालांकि मौके पर पुलिस के पहुंचने से हालात काबू में आ गए। लेकिन, इसके बाद हिन्दू समाज में आक्रोश देखा जा रहा है।

वहीं, विहिप के बालोद जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक एसआर भगत को जानकारी दी। उसके बाद हरकत में आई डोंडी पुलिस ने मौक़े पर पहुंचकर सभी का नाम पता लिखा और आगे अवैध प्रार्थना सभा होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने प्रार्थना सभा करवा रहे तीन व्यक्ति संजू (चंद्रकुमार गावडे) मकान मालिक, लोकेश्वर बंदे (शासकीय शिक्षक) व जयलाल कोरेटी पास्टर/पादरी को डोंडी थाना लाया गया और मामले की जांच कर धारा बी पी एस 170 की कार्यवाही की जा रही है।

उधर, हिन्दू संगठन के प्रेम शुक्ला ने कहा कि आखिर चोरी-छिपे प्रार्थना कराने का क्या मतलब है ? शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल ने कहा कि हिंदुओं की आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा ▶▶| शेष पेज 11 पर



### विहिप और बजरंग दल ने की जांच व कार्रवाई की मांग

डोंडी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक घर में प्रार्थना सभा के नाम पर कन्वर्जन का काम किया जा रहा था। हिन्दू संगठन ने आरोप लगाया कि ईसाइयों द्वारा यह प्रार्थना सभा एक निजी घर में कराई जा रही थी, जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित थे। बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग इस प्रार्थना सभा में जुटाए गए थे, जहां मिशनरी के सदस्य भी मौजूद थे। इसे लेकर स्थानीय लोगों और डोंडी विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## अश्विन मास की अमावस्या को होगा समापन

# पितृ पक्ष कल से, तिथि अनुसार किया जाएगा पितरों का श्राद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कल से पितृ पक्ष की शुरुआत होगी और आगामी 16 दिनों के बाद पितृ पक्ष का समापन होगा। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। हर साल पितृ पक्ष भाद्रपद मास की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्विन मास की अमावस्या तक चलता है। इसे सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या भी कहा जाता है।

पंडित नोहर लाल तिवारी ने बताया कि पितृ पक्ष का आरंभ भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से हो जाता है। पितृ पक्ष का वास्तविक तात्पर्य अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा को प्रकट करना है। पितृ पक्ष का दिन अपने पूर्वजों और पितरों के लिए श्राद्ध कर्म करने का महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिन मृत्यु लोक से पूर्वज धरती लोक पर आते हैं।

इसलिए पितृपक्ष के दौरान तर्पण और श्राद्ध करने से पितरों का आशीर्वाद बना रहता है। वहीं, पितृ पक्ष में तिथियों के अनुसार पितरों का श्राद्ध करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इसलिए पितरों की शांति के लिए पितृ पक्ष के दिन श्राद्ध कर्म करने के साथ ब्राह्मणों को भोजन भी कराना चाहिए।

### पितृपक्ष से पहले हो भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन



पंडितों व पुरोहितों की माने तो पितृपक्ष शुरू होने से पहले ही भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाना चाहिए। जबकि बीते 5–6 वर्षों से देखा जा रहा है कि युवाओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमाओं को 11 दिनों के बजाए 13–14 दिनों तक स्थापित करके रख रहे हैं और पितृपक्ष लगने के बाद डीजे–धुमाल में फिल्मी गानों में डांस करते हुए भगवान को विसर्जन करते हैं, जबकि इस तरह से विसर्जन करने से उनके ग्यारह दिनों तक जिस प्रकार से भक्ति भावना और पूजा अर्चना की है, उसका कोई लाभ नहीं मिलेगा। पंडित नोहरलाल तिवारी का मानना है कि पितृपक्ष शुरू होने से पहले ही भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन हो जाना चाहिए।

### डीएवी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा

**भिलाई।** डीएवी स्कूल के छत का प्लास्टर अचानक गिरने से दो स्कूली छात्र को चोट आई है। घटना शनिवार की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी टाउनशिप में स्थित सेक्टर 2 के डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 की क्लास का प्लास्टर अचानक भरभरा के गिर गया। घटना क्लास चलते समय हुआ। दो छात्र समर और राघव को मामूली चोट आई है। दोनों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुचाया गया। स्कूल प्रबंधन ने घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। मौके पर नगर निगम भिलाई की टीम भी पहुची थी।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### खरखरा बांध के पास मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश



**डौंडीलोहारा।** रविवार को शाम लगभग 5 बजे के आसपास संजारी पुलिस को सूचना मिली कि खरखरा बांध के दूसरे वाटर फाल से कुछ ही दूरी पर एक अज्ञात पुरुष का शव पानी के बहाव में फंसा हुआ है। उसकी उम्र करीबन 30 से 35 वर्ष के बीच है। सूचना पर संजारी चौकी पुलिस घटनास्थल पहुंची। शव को बाहर निकाला गया। घटना स्थल के पास मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एल 4180 खड़ी हुई मिली।

### विहिप ने गणपति प्रतिमाओं को आज विसर्जित करने का किया आग्रह

**गुरूर।** विश्व हिन्दू परिषद ने नगर में 16 सितम्बर को भगवान गणेश को विसर्जन करने की आग्रह किया है। विश्व हिंदू परिषद गुरुर के पदाधिकारियों ने गुरुर नगर के सभी गणेश पंडालों में जाकर 16 सितंबर दिन सोमवार को गणेश विसर्जन करने का आग्रह किया।

### कृषि महाविद्यालय के सामने बस स्टॉपेज की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रेलवे स्टेशन से नई राजधानी वाली लोअर फ्लोर रेड बस को कृषि महाविद्यालय के सामने रोकने की सुविधा की मांग की है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाने के लिए यह मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर के समक्ष वर्तमान में जो साधारण-सा स्टॉपेज बनाया गया है, वह कोई काम का नहीं है, बल्कि उनका दुरुपयोग ज्यादा देखने में आ रहा है। देश के सभी दूरदराज के प्रदेशों से भी बहुत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का अपने-अपने सीनियर सिटीजन, गार्जियन के साथ एडमिशन के लिए काउंसिलिंग में भी यहां आना-जाना लगा रहता है।

### हिमांशु बने शिवसेना के प्रदेश सचिव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित भवन में शनिवार को शिवसेना छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से हिमांशु शर्मा को शिवसेना (शिंदे गुट) का प्रदेश सचिव बनाने का निर्णय लिया। साथ ही उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये युवा साथी राजधानी समेत पूरे प्रदेश में पार्टी की गतिविधियों एवं संगठन में तेजी लाएंगे और पूरे प्रदेश में हिंदू राष्ट्र कि मांग को लेकर ज्यादा से ज्यादा धरना और ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिवसेना छत्तीसगढ़ (शिंदे गुट) के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष मधुकर पांडेय, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव आदि शामिल थे।

### गंदगी के खिलाफ 22 को करेंगे प्रदर्शन

**रायपुर।** वर्धमाननगर देवपुरी कालोनी के रहवासी गंदगी और अवैध पार्किंग के खिलाफ 22 सितंबर को आंदोलन करेंगे। कालोनी वासियों का कहना है कि थोक सब्जी मंडी डूमरतराई चौक के पास अव्यवस्थित पार्किंग और रास्ते में सड़े-गले फल व सब्जियों के फेंकने से उत्पन्न दुर्गंध से वे बेहद परेशान हैं। शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके विरोध में 22 सितंबर को उग्र प्रदर्शन करेंगे।

## निधन

### तरुण कुमार लोढा



**डौंडीलोहारा।** नगर निवासी तरुण कुमार लोढ़ा पिता पुखराज लोढ़ा उम्र 53 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिवारजन व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वे आसकरण, मिश्रीलाल व यशकुमार के भाई थे।

# विद्यार्थियों को भविष्य की योजना बनाने दिया गया कैरियर मार्गदर्शन

**हायर सेकंडरी स्कूल डुंडेरा में हुआ स्टूडेंट्स से रोल मॉडल इंटरेक्शन कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हायर सेकंडरी स्कूल डुंडेरा में स्टूडेंट्स से रोल मॉडल इंटरेक्शन कार्यक्रम अयोजित किया गया।

हायर सेकेंडरी स्कूल डुंडेरा में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य की योजना और कैरियर चयन में मार्गदर्शन प्रदान करना था, ताकि वे अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालोद जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता अजय साहू जी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन की प्राथमिकता देने की सलाह दी और उन्हें उनके रुचि के अनुसार कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। अजय साहू ने छात्रों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी दूर किया।



**आदर्श व्यक्तियों के वास्तविक अनुभवों से कराया अवगत**

कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट साथी के अंतर्गत, यह प्रयास किया गया कि छात्रों को आदर्श व्यक्तियों के वास्तविक अनुभवों से अवगत कराकर, उनकी करियर की समझ और मार्गदर्शन के बीच की खाई को भरा जा सके। नोडल अधिकारी एमके. देवांगन ने मुख्य अतिथि और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल डुंडेरा के शाला प्रमुख एसके. साहू के संरक्षण में हुआ। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगुनू ठाकुर, नोडल अधिकारी एमके. देवांगन और शाला परिवार से शिक्षकगण टीके. ठाकुर, मनोज देवांगन, सीएल. ठाकुर, पूनम देशमुख, साहिना अंजु, योगिता साहू, वायके. देशमुख, दीपक जोशी एवं डीएस. ठाकुर ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। चेतन यादव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

**पार्षद कलिहारी ने बच्चों को कक्षा में लगातार आने के लिए किया प्रेरित**

# कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में बच्चों के लिए शुरू की गई संस्कार शाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के वार्ड क्रमांक 3 नयापारा के कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में बच्चों के लिए संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रिछेदमोहन कलिहारी, झालम सिंह साहू (शिक्षक), खिलेश साहू एवं नन्हे बच्चों के हाथों से प्रथमदेव विघ्नहर्ता गणेश जी का आह्वान कर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कक्षा का शुभारंभ किया गया।

पार्षद कलिहारी ने बच्चों को सनातन धर्म की धार्मिक कक्षा में लगातार आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है, हमारे वार्ड में इतना बढ़िया बाल संस्कार केंद्र आरम्भ हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ममता यदु ने भी बच्चों को आशीष वचन दिया, बच्चों को प्रभावना वितरण किया गया तथा पेन, पेंसिल, रबर, और प्रसाद का वितरण किया। इस आयोजन में वार्ड के पालकों ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

पूर्व नगर पालिका अधिकारी आरपी यादव जो वर्तमान में प्रज्ञा बाल संस्कार केंद्र





बाल मंदिर स्कूल में भी संस्कार शाला प्रारंभ किये हुए हैं, उन्होंने भी कार्यक्रम में आकर बच्चों को अशीष वचन देकर प्रभावना वितरण किया। कार्यक्रम में मोहन कलिहारी, झालम सिंह साहू, खिलेश साहू, उमा साहू, गीतांजलि साहू, नर्मदा प्रधान, भूपेश्वरी देवांगन, विनोद साहू, दुष्यंत कुमार देवांगन, इंदु दीदी, भारती भांडे, ममता यदु, पूजा जैन, भारती बांडे, पुनिता मिश्रा उपस्थित थे।

वक्ताओं ने कहा कि बदलते परिवेश में धर्म के प्रति अज्ञानता व संस्कारों में कमी को हम संगठन के माध्यम से बाल संस्कार शाला प्रारंभ करके दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। बालोद शहर के अंदर कई स्थानों पर इसको प्रारंभ किया गया है।

**धार्मिक व संस्कारित शिक्षा के लिए बच्चों को संस्कार शाला में अवश्य भेजें**

विहिप जिला प्रमुख बाल संस्कार केंद्र बालोद जिला पुजा जैन ने कहा कि पालकों से हमारी यही अपील है कि अपने बच्चों को खेल खेल में धार्मिक शिक्षा संस्कारित शिक्षा व अन्य गतिविधियों के लिए बाल संस्कार शाला में जरूर भेजें।

# उमरपोटी(बटरेल) में हुई कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगाँव आर

ग्राम उमरपोटी(बटरेल) में नवयुवा क्रिडा मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन मंडल ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से हमेशा खेल खेलना चाहिए। अपनी प्रतिभा निखारने का सुंदर अवसर खेल स्पर्धा में मिलता है। खेल से तन मन में ऊर्जा का संचार होता है। खेल नियमानुसार खेल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिलता है। कार्यक्रम मे किसान मोर्चा अध्यक्ष दक्षिण पाटन मंडल कमलेश साहू, चोवाराम नेताम, श्यामलाल विश्वकर्मा, जितेन्द्र चन्द्राकर, डेमनलाल साहू, कुन्दन, गुलशन, धनराज, हितेश, टुपेन्द्र, दुलेश्वर, देवेन्द्र, धनेन्द्र, मुकेश सेन, छन्नूलाल, लक्ष्मीकांत, चित्रगुप्त, ओमेन्द्र, नवीन कुमार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



**डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम**





# धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ का 18 से नवा रायपुर में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नियमितीकरण और 27 फीसदी वेतन वृद्धि अगस्त 2023 से देने की मांग
- 2 सूत्रीय मांग को लेकर बेमियादी धरना

प्रदेशभर की सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटर 18 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन करेंगे। 2 सूत्रीय मांग को लेकर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर डाटा कंप्यूटर आपरेटर अपने लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज होकर अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी में हैं। प्रदेशभर की सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में सालों से कार्यरत डाटा एंटी आपरेटरों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। लामबंद डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है कि पिछले 17 सालों से वे धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत हैं, पर अब तक उनका नियमितीकरण नहीं किया गया। यही नहीं, 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ उन्हें अगस्त 2023 से प्रदान करने की मांग धान खरीदी आपरेटर संघ के माध्यम से की जा रही है। इसके बाद भी शासन-प्रशासन उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। इसके विरोध में 2 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने वे नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

# अंगारी में चला भाजपा का सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अभियान के दौरान लगभग डेढ़ सौ लोग पार्टी में हुए शामिल

ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद द्वारा ग्राम अंगारी (बालोद) में सदस्यता अभियान के लिए जनसभा हुई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला महामंत्री बालोद राकेश यादव (छोटू), जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, अध्यक्ष–भाजपा ग्रामीण मंडल बालोद प्रेम साहू, प्रभारी सदस्यता अभियान मंडल बालोद सुरेंद्र देशमुख उपस्थित थे।

सदस्यता अभियान के सभा में जिलाध्यक्ष ने सेवानिवृत्त प्राचार्य शिक्षा विभाग कांकेर, जिला अध्यक्ष छ.ग शिक्षक फेडरेशन कांकेर, भूतपूर्व संभागीय उपाध्यक्ष बस्तर संभाग प्रमोद प्रकाश सोनेल ने अपने परिवार एवं ग्रामीण जनों के साथ भाजपा प्रवेश कराया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा भारतीय जनता पाटएॅ (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है, भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प; और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे।





भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है, भारत माता की जय। भारत का अर्थ है अपना देश, देश जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान हैं। एक मां की संतान होने के नाते सभी भारतवासी सहोदर यानि भाई–बहन हैं। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस माता की जय में हमारा संकल्प घोषित होता है यही है 'भारत माता की जय'। इस उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आप सभी भाजपा से जुड़े।

सभा का संचालन दानेश्वर मिश्रा ने किया। चित्रसेन साहू, संजय साहू बिरेन्द्र साहू, विकास साहू, हरिश्चंद्र साहू, कुलदीप यादव ने ऑनलाइन, ऑफ़लाइन सदस्य बनाए। इस अवसर पर लगभग 150 की संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान बिसेसर साहू, विजय सोंखुटिया, डोमेन्द्र साहू, संतराम ठाकुर, कुबेर साहू, चंपा साहू, छगन साहू, संतकुमार साहू, रघुवीर साहू, मोती उइके सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**पूर्व पदाधिकारियों को पीला फेंटा पहनाकर व श्री फल भेंटकर किया सम्मानित**

# वीर मेला आयोजन समिति राजाराव पठार के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शनिवार को वीर मेला आयोजन समिति राजाराव पठार में नवीन पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण हुआ। पूर्व पदाधिकारियों को पीला फेंटा पहनाकर व श्री फल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग आरएन ठाकुर ने कहा कि संविधान में सुरक्षा का प्रावधान है, भारतीय न्याय संहिता है, जनजाति संविधान के लिए समस्या आती है। तीन दिन के मेला में विद्वान आदिवासी समाज के लोगों द्वारा बौद्धिक चर्चा होती है, तरक्की प्रगति के लिए शिक्षा है। भारत सरकार, राज्य सरकार के योजनाओं का कैसे लाभ लें, इसकी जानकारी के अभाव में समाज आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

अध्यक्षता संयोजक वीर मेला एवं अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी ने की। उन्होंने कहा कि वीर मेला में 26 एकड़ जमीन है, उसे आदिम जाति कल्याण विभाग से सर्वे कराकर स्थल एवं राजनीति से बचाना है। तीन साल से बहुत ज्यादा संघर्ष किया है, समाज के लोगों ने ही इसे तोड़ने का प्रयास किया है।




पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि समाज में काम करते 60 वर्ष हो चुका है। इस देश में बड़ी राजनीतिक पार्टी है, उसका कंट्रोल दिल्ली में होता है। उसका उपयोग समाज में नहीं होता है। अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जीआर राणा ने कहा कि भारत में 36 राज्य है, जनजाति 31 राज्य में है, 42 जाति को जनजाति घोषित किया, आदिवासी सीट 40 होनी चाहिए, वर्तमान में 19 है। मेला स्थल पर वीर गति प्राप्त हुए आदिवासी समाज के लोगों का संग्रहालय बने।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष यूआर.गंगराले ने कहा कि 2014 से वीर मेला प्रारंभ हुआ है।भानूप्रतापपुर पूर्व विधायक एवं कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हानंद नेताम, अध्यक्ष छ.ग.गोंडवाना गोंड़ महासभा अकबर कोर्राम, कार्यकारी अध्यक्ष छग सर्व आदिवासी समाज बीएस रावटे, संयोजक वीर मेला एवं अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद तुकाराम कोर्राम, संयोजक एवं अध्यक्ष आदिवासी समाज जिला कांकेर जीवन लाल ठाकुर, महासचिव छग अनुसूचित जन.जाति शा.सेवक संघ मोहन कोमरे, महिला प्रभार अध्यक्ष मंजू प्रभाकर ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व सभी अतिथियों ने बाबा राजाराव, लिंगो बाबा, शहिद वीरनारायण सिह का पूजा अर्चना कर पीला चावल से भेंट किया।

इस अवसर पर महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर, नागेश्वर सलाम, अंकेक्षक एच.के.कुंजाम, कमल नारायण ध्रुव, गौतम कुंजाम, महेश रावटे, विविध सलाहकार विनोद नागवंशी, शैलेन्द्र सोरी, उदय नेताम, महेन्द्र गावडे, वोमेश गंगराले सहित आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


# सेवानिवृत्त शिक्षक मुकुंदरम व हीरालाल को दी गई विदाई





**गुरूर।** शनिवार को संकुल स्तरीय केंद्र बड़भूम में शिक्षकों को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने के बाद शिक्षकों को संकुल में भावपूर्ण विदाई दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डीके ठाकुर ने बताया कि प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला बड़भूम मुकुंदरम ओटी एवं प्रधान पाठक रुपूटोला हीरालाल ठाकुर को सेवानिवृत्ति के पश्चात संकुल में विदाई दी गई। अपनी अपनी सेवा कल की अनुभूतियों को साझा करते हुए प्रधान पाठक मुकुंदराम ओटी ने एक शिक्षक के दायित्व एवं कर्तव्य पालन की जानकारी दिए। प्रधान पाठक हीरालाल ठाकुर ने भी सतत बच्चों के हित में कार्य करने की जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक महेश्वर सिंह राजपूत, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला बड़भूम, डोमार सिंह निषाद, लालेश्वर सिन्हा, दाउलाल उंदराले, मुकेश साहू, मधुबाला उइके, मनोहर ठाकुर, सतीश तारम, षड प्रकाश किरण कटेन्द्र, राजेश ठाकुर ,अभय राम धुवे उपस्थित थे।

# डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम





## खबर संक्षेप



### हरणसिंघी शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष ने कराया न्योता भोज

**गुण्डरदेही।** हरणसिंघी स्कूल शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष ने अपनी पुत्री के जन्मदिवस पर न्यौता भोज कराया। शासकीय प्राथमिक शाला हरणसिंघी, संकुल राहुद में उपाध्यक्ष एसएमसी नीरज कुलेश्वर निषाद ने अपनी पुत्री पूर्वी निषाद के जन्मदिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों को न्यौता भोज कराया। कार्यक्रम में संकुल राहुद के सीएसी एवं शाला के प्रधानपाठक केएल साहू एवं शाला में पदस्थ शिक्षक कुमार डहरिया, रेमन सिंह साहू, स्वयंसेवी शिक्षिका मनीषा नेताम, शासकीय प्राथमिक शाला मुंडरा के प्रधानपाठक दीपक देशलहरे, परसाही के एचएम एचएल कोसरिया एवं शिक्षक रवि साहू, सफाईकर्मी वासुदेव ठाकुर एवं रसोइया संत राम निषाद और कौशिल्या निषाद उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक बनाए गए पुष्पेंद्र

**बालोद।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर को भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक बनाया गया है। पुष्पेंद्र चंद्राकर की सक्रियता से आमजन भी लगातार प्रभावित होकर भाजपा के विचारों से जुड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और गांधी जयंती के उपलक्ष में देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। सेवा पखवाडे के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने जिला टोली का गठन किया। भाजपा बालोद के जिलाध्यक्ष पवन साहू के निर्देशानुसार महामंत्री द्वय चेमन देशमुख, राकेश यादव(छोटू) के नेतृत्व पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा जिला के टीम की घोषणा की गई। जिसमे सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक पुष्पेंद्र चंद्राकर को बनाया गया। जिला सदस्य के रुप मे स्वाधीन जैन, पंकज चौधरी, खेमलाल देवानंद की घोषणा हुई।



### गांजा: अधेड़ गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## आयोजन

### हिन्दी दिवस पर जिलेभर में हुए विविध कार्यक्रम

# देश को एक सूत्र में बांधती है संस्कार और संस्कृति की भाषा हिन्दी : डॉ खलखो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- शासकीय घनश्यामसिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय विद्यार्थियों ने किया कविता पाठ

शासकीय घनश्यामसिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके. खालखो थे, विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष गणित प्रोफेसर डॉ.एचएल. मानकर, विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ.डीआर. वैद्य थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष हिंदी प्रो. जसराम नायक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना व वंदना से की गई, इस अवसर पर डॉ.जेके खलखो ने कहा हिंदी देश की प्रमुख भाषा है। हिंदी संस्कार की भाषा है और इस भाषा से देश की संस्कृति जुड़ी हुई है। जो देश को एक सूत्र में बांधती है। हिंदी भाषा पर हम सबको गर्व है। कार्यक्रम में डॉ. एचएल. मानकर ने हिंदी को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बताते हुए हिंदी के इतिहास की जानकारी दी। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.जसराम नायक ने हिंदी भाषा की जानकारी दी, कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा पर कविता पाठ किए व भाषण दिया। कार्यक्रम में गायत्री साहू, नरेंद्र चक्रधारी, केसरी उर्वसा एवं अन्य प्राध्यापक की उपस्थिति रही। हिंदी के विद्यार्थी भुवनेश्वर, मुरलीधर, दिव्या, भारती, दिलेश्वरी, घनेश्वरी, जितेंद्र, प्रशांत उपस्थित थे।





### एकलव्य महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में प्राचार्य राजू लाल कोसरे के निर्देशन में 14 सितंबर को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे, संजय कुमार ठाकुर, टेक राम नेताम, अनिल कुमार साहू ने हिन्दी के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। छात्र रेमन, मांशी जगनायक, श्रुति, पूजा ने भी हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में भाषण एवं गीत के माध्यम से प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, मयंक कुमार मंडावी, टुशिका नायक, फुलेश्वरी ठाकुर, नेहा ध्रुवे, देवानंद वर्मा, कुलेश्वर पटेल, नंदकिशोर सिन्हा, हलेश कुमार लिल्हारे एवं समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में भी कराने के निर्णय का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत






**बालोद।** एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में भी कराने के निर्णय के लिए जिले के भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सहित प्रेम साहू, रुपेश सिन्हा, मनीष झा, लोकेश श्रीवास्तव सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के चिकित्सा पाठ्यक्रम एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिन्दी में भी कराने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा है कि इससे हिन्दी माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी अपनी प्रतिभा के अनुरूप चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार का यह निर्णय क्रांतिकारी और मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा नेताओ ने कहा कि हिन्दी दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री साय ने पत्रकार वार्ता में प्रदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराने का ऐलान किया है और यह निर्देश मौजूदा सत्र से ही लागू करने की बात सीएम ने कही है। जब तक पठन पाठन और काम काज में हिंदी को बढ़ावा नहीं मिलेगा तब तक हम हिंदी दिवस के उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी शिक्षा नीति को हर स्तर पर पुरानी मैकाले की साम्राज्यवादी शिक्षा व्यवस्था से अलग कर रहे हैं।

## मड़ियाकट्टा विद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर हुआ सेमिनार

**डौण्डीलोहारा।** ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत में कई प्रांतीय भाषाएं बोली जाती हैं, तथापि हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा के रूप में पूरे देश को एक सूत्र बांधती है। इस अवसर पर प्रधान पाठक ने बच्चों को पर्यायवाची शब्द चिट बनाकर डब्बे में रखकर छात्र छात्राओं को बारी-बारी से चिट उठाकर उस पर लिखे शब्द का दो पर्यायावाची शब्द खेल माध्यम से उदाहरण जल- पानी, नीर इसी तरह हिन्दी महीने का नाम बताए। हिन्दी दिवस पर सेमीनार और पोस्टर बनाकर उसमें स्लोगन लिखे। पाठ्यपुस्तक अन्य किताब की कहानी पढ़ी। कहानी में दिए पात्रों के अनुसार अभिनय कर नाटक प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा बनाए गए हिन्दी दिवस,पोस्टर, चित्रकला, निबंध, कविता संग्रह, स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य उपस्थित रहे।



## ओबीसी सर्वे में मातृभाषा के कालम में छत्तीसगढ़ी लिखें



- एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने किया आग्रह

**डौंडीलोहारा।** एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन लगातार छत्तीसगढ़ी भाषा को भाषाई रूप से स्थापित करने के कार्य में लगा हुआ है। तथा विभिन्न कार्यक्रमों आयोजनों के माध्यम से सरकार को छत्तीसगढ़ी के प्रति ध्यान आकर्षित कराता रहता है। इसी कड़ी में सरकार व आमजनों से छत्तीसगढ़ी भाषा की बढ़ोतरी व विकास के लिए आग्रह किया गया है। इस दौरान नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सरकार द्वारा राज्य के स्कूलों में बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने की जो घोषणा की गई है उसके पाठ्यक्रम निर्माण में तेजी लाने तथा 16 फरवरी को सरकार द्वारा की गई घोषणा के संबंध में भी बात की गई7 साथ ही वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार के पिछडा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा घर-घर जाकर जो सर्वे किया जा रहा है, उस फॉर्मेट के कालम में मातृभाषा का भी उल्लेख किया गया है। चूंकि छत्तीसगढ़ राज्य की राजभाषा छत्तीसगढ़ी है, तथा राज्य में निवासरत लगभग ढाई करोड़ लोगों की संपर्क भाषा है। इसलिए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन यह मांग करती है कि सरकार के सर्वे में मातृभाषा हिंदी की जगह राज्य के निवासी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी लिखवाए, जिससे कि मातृभाषा छत्तीसगढ़ी का संवर्धन व विकास हो सके।साथ ही साथ छत्तीसगढ़ी प्रदेश की राजभाषा है, तो इसे राजकाज में भी प्रयुक्त किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के महामंत्री विनय बघेल ने कहा कि सरकार द्वारा जो घोषणा छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारिओं के लिए की गई थी, उस पर अमल करते हुए बेरोजगार युवाओं को रोजगार देकर बेरोजगारी के दलदल से मुक्त करे।

## शासकीय बालक विद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस

**डौंडीलोहारा।** संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विश्व प्राथमिक सहायता दिवस व राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के विषय में हिंदी के व्याख्याता संगीता वैदे व दुकालुराम साहू ने हिन्दी भाषा के संबंध में जानकारी दी। संस्था प्रमुख प्रदीप कुमार मेश्राम, व्याख्याता रीना मंडल, अविनाश कुमार साहू सहित समस्त व्याख्याताओं ने सभा को संबोधित किया। अंत में विद्यालयीन स्टॉफ के द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमंत साहू तथा आभार ज्ञापन व्याख्याता लवण कुमार साहू ने किया।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी व्याख्याता शिक्षकगण व विद्यालयीन बच्चें उपस्थित थे।





### विश्व प्राथमिक सहायता दिवस भी मनाया

रेडक्रॉस प्रभारी शिक्षक सौरभ शर्मा ने विश्व प्राथमिक सहायता दिवस मनाये जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए हम सभी को प्राथमिक सहायता किस प्रकार प्रदान करना चाहिए। मुख्य वक्ता कैलाश अहिरवार विकासखंड चिकित्सा कार्यालय डौंडीलोहारा ने किसी व्यक्ति की किस प्रकार से हमें मदद करना चाहिए, ये जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार, सहायता के विषय में जानकारी होनी चाहिए कि किस प्रकार से कोई समस्या हो उसके निदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी घायल व्यक्ति की मदद के लिए हमे हमेशा तत्पर रहना चाहिए। हेल्थकेयर विभाग की विभागाध्यक्ष भारती साहू ने प्राथमिक सहायता किट में रहने वाले सामग्री के विषय में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही उनके उपयोगों के बारे में विस्तार से समझाया और पट्टी बांधने के तरीके बताए।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA


Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

## पेज 9 के शेष

### छत्तीसगढ़ में सामाजिक रूप ...

लक्ष्यों को पूरा करना है। हर ग्राम पंचायत को सामाजिक रूप से सुरक्षित बनाने के लिये पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। हम इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि विकास के अवसर सबको मिले, किसी के साथ भेदभाव न हो।

### पानी की समस्या को ...

सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गर्मी के दिनों में जलस्तर गिर जाने के कारण नलों से पानी नहीं आने की शिकायतें आती हैं, जिससे लोग टैंकरों के पीछे भागने को मजबूर रहते हैं। अब बरसात के दिनो मे नलो से पानी आ तो रहा है लेकिन वह बहुत गंदा व उपयोग करने योग्य न होने के कारण बरसात मे भी लोग टैंकरो की बाट जोहते व टैंकर आते ही उसके पीछे भागने को मजबूर है। अभिन्न यादव ने कहा कि जिला मुख्यालय में निवासरत लोगो को जल्द से जल्द स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने ज्ञापन प्रशासन को दिया जा चूका है अगर स्थिति नहीं बदलती है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान आशुतोष कौशिक, अभिन्न यादव, जीत यदु, चित्रंश, तुषार ढीमर, कमल बजाज, आदि, अंश, जीत, निखिल, तेशांत, कालू, लक्की, मनीष, प्रदीप, बल्लू, रुपेश, बंटी, मोनेश 30 से अधिक युवा उपस्थित थे।

### प्रार्थना सभा में ...

नहीं जाएगा। इस दौरान शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, श्रीकांत द्विवेदी, अरुण दास, भूपेश बारला, सूर्यकांत द्विवेदी, निखिल सोनी, आकाश बोरकर सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## बालोद अंचल में विराजे गणनायक








### खबर संक्षेप



### आरकेसी फैन्स क्लब ने तांदुला मुक्तिधाम के लिए दान किया पंखा

**बालोद।** आरकेसी फैन्स क्लब बालोद द्वारा तांदुला मुक्तिधाम के लिए एक नग छत पंखा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा को भेंट किया। इसके साथ ही निकट भविष्य में मुक्तिधाम में रामधूनी संगीत मध्यम बजाने की योजना की बात कही। क्लब की तरफ से ये भेंट ग्रुप एडमिन राजेश चोपड़ा एवं सक्रिय सदस्य तथा बालोद शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व नपा उपाध्यक्ष अनिल यादव उपस्थित थे।

### ग्राम खुंदनी में लगा पशु टीकाकरण व चिकित्सा शिविर



**गुरूर।** ग्राम खुंदनी में पशुधन विकास विभाग गुरुर द्वारा निःशुल्क पशु टीकाकरण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम के 700 से अधिक पशुओं का टीकाकारण, कृत्रिम गर्भाधान, उपचार, औषधि वितरण किया गया और कृमिनाशक दवा पिलाई गई। पशु चिकित्सालय गुरुर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारी आशीष साहू, नारायण निषाद, लिकेश्वर साहू, गौकरण साहू व गांव के प्रतिनिधि व पशु पालक उपस्थित थे।

### बेलमांड में शाला प्रबंधन व विकास समिति गठित



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमांड में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सत्या गांवरे द्वारा अन्य सदस्यों का मनोनयन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एनके.मंडावी, सरपंच मधुलता यादव, उप सरपंच संतोष साहू एवं अन्य सदस्यों के रूप में सोनसाय लेडिया, बाल्मिकी साहू, सत्या साहू, द्वारिका लेडिया, पोसकरण साहू, महेंद्र साहू, देवेंद्र चिराम उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने कहा- धान बेचने 10 किमी दूर भंवरमरा जाने में होती है परेशानी

# ग्राम खोलझर में धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग, खाद्य मंत्री दयालदास से मिले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र के लगभग पांच ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के निवास कार्यालय में पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भवंरमरा पंजीयन क्र. 2025 के उपार्जन केन्द्र भंवरमरा में 15 राजस्व ग्राम में आता है। हम सभी कृषकगण ग्राम खोलझर, नलपानी, भीमदो, लुरकाझर, एवं बुल्लुटोला वर्तमान में सेवा सहकारी समिति मर्यादित भवंरमरा तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) में धान बेचने जाते है, जो कि हमारे ग्रामों से लगभग 10 कि. दूरी पर स्थित है। चूंकि धान विक्रय केन्द्र पहुंचने का मार्ग दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र बहुत बड़ा है। बड़ा क्षेत्र होने के कारण पंजीकृत किसानों की संख्या भी सर्वाधिक है जिस वजह से धान बेचते समय कभी रात तक हो जाता है उस वक्त घर पहुंचने में रास्ता जंगल पहाड़ी होने के कारण बड़ी असुविधा होती है। आने जाने के लिए कोई सुविधा भी नहीं है व महिलाएं कृषक भी हैं, जिन्हें आने जाने में जोखिम रहता है। इस अवसर पर समस्त पांच ग्रामों के मुखिया एवं किसान मौजूद थे। जिसमें अरुण उपाध्याय निखिल शर्मा, राजकुमार देवांगन,संतोष साहू, श्रीराम दर्रो, खिलावन चुरेन्द्र, उपसरपंच हृदय भंडारी,मोतीराम देवांगन, सागर पोयायें,दिनेश साहू, बैसाखु ओडसा, प्रेमलाल कोरटिया, कपिल, कृष्ण तारम,केशर तारम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। धान खरीदी केन्द्र के लिए ग्रामवासियों द्वारा लगभग 1.49 हेक्टेअर जमीन सहकारी खाद गोदाम के पास सुरक्षित रखा गया है। इन समस्त कारणों के कारण ग्राम खोलझर में इसी वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्र खोला जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उपरोक्त सभी ग्राम के कृषक अपनी समस्या को लेकर आज मंत्री के यहां आए हैं।

### मंत्री ने दिया समस्याओं के निराकरण का आश्वासन

ग्रामीणों ने मंत्री से आग्रह किया कि अगर धान खरीदी उपकेंद्र ग्राम खोलझर में खोला जाए, तो सारी समस्या दूर हो जायेगी। धान खरीदी की मांग को लेकर कलेक्टर जिला बालोद को सूचनार्थ प्रेषित किया है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी डौंडीलोहारा, एवं नोडल अधिकारी अथवा पंजीयक बालोद को भेजा भी है लेकिन अभी तक इसका निराकरण नहीं हो पाया है। इसलिये सैकड़ों की संख्या में हमारे क्षेत्र युवा जनसेवक कुँवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम एवं उनके साथियों के माध्यम से मंत्री तक अपनी बात रखने आये हैं। ग्रामीणों की बात को सुनकर मंत्री दयाल दास बघेल ने तत्काल कलेक्टर से बात कर सारी समस्याओं का निराकरण करने की सहमति दी है।



गुरूर व अंडा में गणेशोत्सव की धूम





## सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- संकुल केन्द्र माटरी में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवाराम चंदेल प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माटरी 31 जुलाई एवं हरिचरण ठाकुर प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला माटरी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उक्त दोनों संस्था प्रमुखों को 14 सितंबर को संकुल समन्वयक एवं संकुल केन्द्र माटरी के समस्त शिक्षकों की ओर से ससम्मान विदाई दी गई। मुख्य अतिथि हरिचरण ठाकुर थे, अध्यक्षता ढालसिंह कुंजाम प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्य शाला बड़ाजूंगेरा ने की। विशेष अतिथि ललित कुमार भुआर्य प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्य शाला रायगढ़ थे।

संकुल के सभी शिक्षकों ने सेवानिवृत्त श्री ठाकुर एवं श्री चंदेल को प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल व पेन डायरी भेंट किए। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एसआर चंदेल उपस्थित नहीं हो पाए, उनका सम्मान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माटरी के शिक्षकों को सौंप कर ससम्मान उनके घर तक पहुंचाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम का संचालन कालूराम सिन्हा शिक्षक एवं गोविन्द सिंह किरसाने प्रधान पाठक तथा आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक राजेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में संकुल माटरी के ललित कुमार भुआर्य प्रधान पाठक, रुपेश देशमुख शिक्षक, रामकुमार गौर शिक्षक, रमेश कुमार नेताम प्रधान पाठक, युवराज सुनहरे शिक्षक, कालूराम सिन्हा शिक्षक, देवप्रसाद भुआर्य शिक्षक, कान्ति ठाकुर प्रधान पाठक, डिलेश्वर डेहरे शिक्षक, देवबती खरे प्रधान पाठक, ढालसिंह कुंजाम प्रधान पाठक, मनोज कुमार बमनोटे शिक्षक, दशरथ देवांगन शिक्षक सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## गणेशा तालाब में की गई गणेश जी की महाआरती



**गुरूर।** गणेशा तालाब गुरुर–कोलिहामार में भाजपा मंडल गुरुर और नवीन कॉलेज गुरुर के माध्यम से भगवान गणेश जी की महाआरती की गई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने मंदिर प्रांगण, तालाब पार व तालाब के घाटों की साफ–सफाई की। स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम दिन आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, यादव राम साहू, हरिओम श्याम, सरपंच कोलिहामार लेखक चतुर्वेदी, राजेश दीवान, देवचंद साहू, शशिकांत जगदले, चौलेश देशमुख, युवा मोर्चा के साथी एवं नवीन कॉलेज के छात्र–छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे।

### शिव चौक गुरुर में किया गया हवन



**गुरूर।** श्री सिद्धि विनायक युवा गणेशोत्सव समिति शिव चौक गुरुर में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। रविवार को हवन किया गया। इस दौरान प्रवीण साहू, रोहित साहू, चोवा साहू, योगेश्वर साहू, युगल साहू, सुमित सोनी, किशन साहू, सियाराम, सुमित, पीयूष, रोमनाथ, खेवेन्द्र, हरेंद्र, रूपेंद्र, द्रोणा, लेखराम, कमलेश, मयंक, लक्की, डोमेन्द्र, ऋषभ, चिंतामणि सम्मिलित हुए।

## पड़कीभाट में शुरू हुई रामधुनी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लाक के ग्राम पड़कीभाट में युवाओं द्वारा ग्राम में गणेशोत्सव के अवसर पर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस अवसर पर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान रविवार को विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम पड़कीभाट पहुंचकर गणेश जी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गूराम सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के उपाध्यक्ष बसंत साहू, अरमरीकला कालेज के विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, खिलेन्द्र केहरी, पूर्व ब्लाक कांगेस अध्यक्ष जितेंद्र यादव, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष भगवानसिंह मंचुरिया, यशवंत साहू, मंशाराम साहू, लिखीराम साहू सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एटीएम से पांच की जगह दो हजार के नोट उगले

**भिलाई।** बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से 500 रुपए निकालने गए ग्राहकों को 2000 रुपए का नोट निकलने लगा। जिसे लेकर एटीएम में लोगों की जमकर भीड़ लग गई। घटना लक्ष्मी मार्केट सुपेला का है। सूचना पर बैंक मैनेजर एटीएम बंद करने पहुंचने पर उनके साथ ग्रहकों ने धक्का मुक्की कर दी। मौके पर पहुंची सुपेला की मदद से एटीएम को बंद कराया गया। तब जाकर माहौल शांत हुआ।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## मां बहादुर कलारिन महाविद्यालय गुरूर में मनाया गया हिन्दी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में हिन्दी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भारत माता, सरस्वती माता, स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चना कर महाविद्यालय छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल धानापुरी एनएल टण्डन थे, अध्यक्षता प्राचार्य मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर परमेश्वरी डडसेना ने की। डायरेक्टर मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर देवेन्द्र डडसेना, डामिनी साहू, डोमेश सिन्हा, प्रियंका साहू, रामस्वरूप सिन्हा, उपासना गंजीर, दुर्गेश्वरी पटेल, माधुरी सिन्हा, तेजेश्वर कुमार सिन्हा, नरेन्द्र कुमार खोब्रागढ़े, हुमन लाल गंजीर, राकेश कुमार पारकर व महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

स्वामी जी
93406-38884

By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2024
28 नवंबर 2024
19 दिसंबर 2024
10 जनवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025
02 मई से 16 मई 2025
राशिः-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411